जयराम रमेश
JAIRAM RAMESH

सत्यमेव जयते

ग्रामीण विकास मंत्री
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली-110114
MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI BHAVAN, NEW DELHI-110 114

दिनांक 30 दिसम्बर, 2013

प्रिय राजनाथ सिंहजी -

मैंने आज अखबारों में यह पढ़ा है कि आपने अपने कल के रांची के भाषण में यह कहा था कि झारखण्ड में एक मुख्य मंत्री है और एक सुपर मुख्य मंत्री है। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि मैं आपका निशाना था।

चुनाव प्रचार में और राजनैतिक गर्मा–गर्मी में बहुत सी चीजें बोली जाती हैं जिनको हमें सुनना पड़ता है और उनका सामना करना पड़ता है। किन्तु मुझे अफसोस है कि मुझे भली–भांति जानते हुए भी आपने मुझ पर झूठा इल्जाम लगाया है। मैं एक समन्वय समिति का अध्यक्ष हूँ और राज्य के प्रशासन में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता हूँ। मैं बैक सीट ड्राईविंग नहीं करता हूँ। मैं सिर्फ सुझाव देता हूँ और उनमें से कुछ सुझाव माने जाते हैं और कुछ नहीं ।

मैं आपको यह भी याद दिला दूं कि झारखण्ड में पिछले 13 वर्षों में 8 वर्षों से भी अधिक तक बी.जे.पी. के मुख्य मंत्री रहे हैं। झारखण्ड में आज के हालातों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बी.जे.पी. की बनती है। **एन.डी.ए. सरकार ने नवम्बर, 2000 में झारखण्ड राज्य का गठन किया था जिसकी विधान सभा को 81 सदस्य दिए गए थे। किसी भी मापदण्ड के आधार पर यह संख्या गलत और कम थी। वाजपेयी सरकार ने यह मौलिक गलती क्यों की और 4 वर्ष तक एन.डी.ए. के कार्यकाल में इसमें सुधार क्यों नहीं लाया गया ? इस हकीकत को आपने पूरी तरह से नजरअंदाज किया है।**

सादर,

आपका,

जयराम रमेश

(जयराम रमेश)

श्री राजनाथ सिंह,
अध्यक्ष,
भारतीय जनता पार्टी,
नई दिल्ली।